Dainik Jaghran-New Delhi-11-05-2011

डीटीयू में पार्टटाइम बीटेक

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने बीटेक के पार्ट-टाइम प्रोग्राम में दाखिले की घोषणा की है। इस कोर्स के लिए सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में कुल मिलाकर 147 सीटें निर्धारित की जा रही हैं। इस पार्टटाइम कोर्स की अवधि चार वर्ष की है। इसकी कक्षाएं सप्ताह में 6 दिन चलाई जाएंगी। इस प्रोग्राम को खासकर उन छात्रों के लिए बनाया गया है जो दिल्ली में काम करते हैं। इसके अलावा छात्र डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग का कोर्स भी कर सकते हैं। इसका समय भी शाम का 'चुना गया है जिससे छात्रों को काम करने के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े।